-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 09.07.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **पुलिस लाइन में शोक परेड में मृत पुलिसकर्मी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर दी गई शोक सलामी । श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम बांदा तथा पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा मृत पुलिस को रीत चढ़ाकर दी गई श्रद्धांजलि । मृतक के परिजनों को ढ़ांढस बंधा हर सम्भव मदद् का दिया गया आश्वाशन ।**

विवरण- आज दिनांक 09.07.2024 को पुलिस लाइन में मृत पुलिसकर्मी को शोक परेड में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक सलामी दी गई । गौरतलब हो कि जनपद में फील्ड यूनिट में तैनात उपनिरीक्षक श्री संतोष भारती ग्राम तिवारीपुर थाना सरायइनायत जनपद प्रयागराज के रहने वाले थे तथा 08.10.1990 को आरक्षी के पद पर जनपद कानपुर नगर से उ0प्र0 पुलिस में भर्ती हुए थे । श्री संतोष भारती दिनांक 30.08.2019 को जनपद बांदा में नियुक्त हुए थे तथा दिनांक 06.10.2023 को उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए थे । थाना बदौसा पर नियुक्त रहने के दौरान वे थाना बदौसा के हेड मुहर्रिर थे । श्री संतोष भारती का न्यूरो का इलाज मेदांता हॉस्पिटल जनपद लखनऊ से चल रहा था । इस समय वे थाना बदौसा के मालखाना का चार्ज देने थाना बदौसा गये थे । कल दिनांक 08.07.2024 को दोपहर में उनकी तबियत अचानक खराब हो गई । थाना बदौसा के कर्मचारियों द्वारा उन्हे सीएसी अतर्रा ले जाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा उन्हे मृत घोषित कर दिया गया । पुलिस लाइन में आज श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र श्री अजय कुमार सिंह तथा पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा रीत व पुष्प चढ़ाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई । पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा मृत पुलिसकर्मी के परिजनों को दुःख की घड़ी में ढ़ांढ़स बंधाते हुए सात्वना दी गई । उन्होने मृतक के परिवार को हर सम्भव मदद् का आश्वासन दिया तथा अश्वस्त किया की दुःख की इस घड़ी में पूरा पुलिस परिवार उनके साथ है । अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री लक्ष्मी निवास मिश्र, क्षेत्राधिकारी लाइन श्री गवेन्द्र पाल गौतम, क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजीव प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर श्री अजय कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन श्री वेदमणि मिश्रा सहित सभी उपस्थित पुलिसकर्मियों द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।